सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

गणतंत्र दिवस विशेषांक

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 197 | इंदौर, गुरुवार 25 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## Headline

1. Ram Mandir: बिना विश्राम अनवरत 18 घंटे दर्शन देते रहे 'बालक राम', प्रभु के दरबार में लगा रहा भक्तों का तांता
2. Mary Kom Retirement: 'मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया', मैरी कॉम ने संन्यास से किया इनकार
3. Ram Mandir: 'भगवान राम जाति को नहीं मानते थे... उन्होंने भेदभाव नहीं किया'; सीएम केजरीवाल का बड़ा बयान



# उज्जैन में सरदार पटेल की मूर्ति को ट्रैक्टर चढ़ाकर गिराया

## दो पक्षों में पथराव; भीड़ ने दुकानों में तोड़फोड़ की, वाहनों में आग लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। उज्जैन के माकड़ोन इलाके में गुरुवार सुबह दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति उखाड़कर तोड़फोड़ करने पर हुआ है। एक पक्ष के लोगों ने ट्रैक्टर चढ़ाकर मूर्ति गिरा दी। फिर रॉड और पत्थर मारकर मूर्ति में तोड़फोड़ की। इससे दूसरा पक्ष नाराज हो गया।

दोनों पक्षों में पथराव और लाठियां चलीं। उग्र भीड़ ने कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ कर दी। कुछ गाड़ियों में आग लगा दी। कई दुकानों में भी पथराव किया गया है।

माकड़ोन मंडी गेट और बस स्टैंड के पास जमीन खाली पड़ी है। भीम आर्मी चाहती है कि यहां डॉ. आंबेडकर की मूर्ति लगाई जाए। जबकि, पाटीदार समाज के लोग सरदार पटेल की मूर्ति लगाने की मांग करते आ रहे हैं। मामला पंचायत में विचाराधीन है।

बुधवार रात किसी ने इस जमीन पर सरदार पटेल की मूर्ति स्थापित कर दी। दूसरे पक्ष के लोगों को इसका पता चला तो वे सुबह जमा हो गए और मूर्ति गिरा दी। इस बात पर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए।



### तराना और उज्जैन से पहुंचा पुलिस बल

माकड़ोन के अलावा उज्जैन और तराना से भी भारी तादाद में पुलिस बल मौके पर पहुंचा है। एडिशनल एसपी नितेश भार्गव भी मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों को पुलिस ने समझाकर शांत कराया। एहतियातन मौके पर पुलिस फोर्स तैनात है। लोगों को समझाइश दे रही है।

### BJP ने की थी पटेल की मूर्ति लगाने की घोषणा

स्थानीय लोगों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 2, 8 और 9 के बीच जमीन विवादित है। यहां आसपास डॉ. आंबेडकर को मानने वाले लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। वे चाहते हैं कि यहां डॉ. आंबेडकर की मूर्ति लगे। बीते दो चुनाव से BJP ने विवादित जगह पर सरदार पटेल की प्रतिमा लगाने की घोषणा की थी। नए बस स्टैंड का नाम डॉ. आंबेडकर रख दिया।

# BJP के 100 से ज्यादा नेताओं की गंभीर शिकायतें

## भितरघातियों पर आज अनुशासन समिति की बैठक में एक्शन संभव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। विधानसभा चुनाव में बीजेपी के खिलाफ काम करने वाले पार्टी के पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं पर एक्शन लिया जा सकता है। मप्र बीजेपी को सौ से ज्यादा शिकायतें मिलीं हैं। गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में होने वाली अनुशासन समिति की बैठक में इन नेताओं पर एक्शन लिया जा सकता है।

### जिन शिकायतों के साथ सबूत पुख्ता, उनमें सख्त कार्रवाई

भाजपा संगठन को चुनाव में अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ काम करने वाले जिन वर्कर्स की शिकायतों के साथ ऑडियो, वीडियो और सबूत मिले हैं। उन नेताओं, कार्यकर्ताओं पर अनुशासन समिति की बैठक में एक्शन लेने का निर्णय लिया जा सकता है। विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी नेतृत्व को बड़े पैमाने पर शिकायतें मिली थीं। शुरुआती छानबीन में जिनके ऊपर भितरघात के आरोप लगे और शिकायत के साथ मिले सबूतों में गड़बड़ी की पुष्टि हुई। उन नेताओं पर अब पार्टी सख्त एक्शन लेने जा रही है।

### बैठकों में उठा भितरघातियों पर कार्रवाई का मुद्दा

विधानसभा चुनाव के बाद बीजेपी की कई बैठकों में भितरघातियों पर कार्रवाई का मुद्दा उठता रहा है। चुनाव हारने वाले उम्मीदवारों ने पार्टी के ही कई स्थानीय पदाधिकारियों की शिकायतें की थीं। विधायकों ने भी चुनाव जीतने के बाद भी कुछ पदाधिकारियों की शिकायतें की हैं। करीब आधा दर्जन जिलाध्यक्षों के खिलाफ पार्टी उम्मीदवारों ने गड़बड़ी करने की शिकायतें की हैं।

### गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामना एवं अवकाश की सूचना

**26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस** की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों एवं स्नेहियों को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं। 26 जनवरी को डिटेक्टिव ग्रुप कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 27 जनवरी शनिवार को प्रकाशित होगा।

- संपादक

# खजराना गणेश मंदिर में 29 जनवरी से मेला

## इस बार भी तिल-गुड़ के सवा लाख लड्डुओं का चढ़ेगा प्रसाद, आठ भट्टियों पर जुटे 40 रसोइये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना गणेश मंदिर पर 29 से 31 जनवरी तक लगने वाले परंपरागत तिल चतुर्थी मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। भक्त मंडल द्वारा तिल चतुर्थी मेले के शुभारंभ पर 29 जनवरी को तिल गुड़ के सवा लाख लडडुओं का भोग लगाने का संकल्प लिया गया है। बुधवार को मंदिर के पुजारी पं. मोहन भट्ट एवं पं. अशोक भट्ट द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधायक महेन्द्र हार्डिया एवं समाजसेवी बृजकिशोर गोयल के आतिथ्य में लडडुओं के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है।

**परिसर के 40 मंदिरों की ध्वजा पूजन के साथ होगी शुरूआत-** मेले का



शुभारंभ मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर आशीष सिंह, निगमायुक्त हर्षिका सिंह एवं अन्य अतिथियों द्वारा 29 जनवरी को सुबह 10 बजे किया जाएगा। भक्त मंडल के अरविंद बागड़ी, कैलाश पंच एवं गोकुल पाटीदार ने बताया कि प्रसिद्ध रसोइये खेमजी महाराज की टीम के साथियों ने सवा लाख लड्डुओं के निर्माण का काम शुरू कर दिया। लड्डू बनाने का काम 28 जनवरी की रात तक चलेगा। आठ भट्टियों पर 40 रसोइये मिलकर लड्डुओं का निर्माण करेंगे। 29 जनवरी को सुबह कलेक्टर एवं अन्य अतिथि खजराना गणेश मंदिर परिसर के 40 मंदिरों की ध्वजा का पूजन कर गणेशजी को भोग समर्पित करेंगे और भक्त मंडल द्वारा तैयार लड्डुओं का भक्तों में प्रसाद वितरण का शुभारंभ भी करेंगे।

### पुष्प एवं विद्युत सज्जा होगी

लड्डू निर्माण के शुभारंभ अवसर पर मंदिर के प्रबंधक घनश्याम शुक्ला एवं सहायक प्रबंधक गौरीशंकर मिश्रा भी मौजूद थे। प्रबंधक शुक्ला ने बताया कि तिल चतुर्थी मेले के लिए मंदिर परिसर को पुष्प एवं विद्युत बल्बों से सजाया जा रहा है। मंदिर तक पहुंचने वाले सभी मार्गों की मरम्मत एवं विद्युत व्यवस्था भी सुधारी जा रही है।

## चोइथराम फाउंटेन स्कूल में हुआ सुंदरकांड का पाठ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के दिव्य उत्सव का हर्षोल्लास देश के कोने-कोने में दिखाई दे रहा है। चोइथराम फाउंटेन स्कूल धार रोड पर मंगलवार को भव्य सुंदरकांड का आयोजन प्राचार्या महोदया श्रीमती प्रीति दीक्षित एवम् डायरेक्टर श्री अश्विन वर्मा के निर्देशन तथा सहयोग से विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा जाहिर की गई इच्छा से किया जा रहा है। इसमें लगभग डेढ़ हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। श्री रामलाल की अयोध्या धाम में स्थापना के पश्चात अपने स्कूल में पूजा अर्चना कर विद्यालय के विद्यार्थी उमंग, उत्साह और हर्ष उल्लास का पर्व आयोजित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में सुंदरकांड के आयोजन पुरोहित कथावाचक पंडित हर्ष शर्मा होंगे। जो अपनी मंडली सहित संगीतमय सुंदरकांड करेंगे तथा यजमान स्वयं प्राचार्य महोदया होंगी। विद्या की देवी सरस्वती के मंदिर विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन अप्रतिम परिवर्तन का प्रतीक है।यह खबर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका एवम् शहर की साहित्यकार माधुरी व्यास ' नवपमा ' द्वारा दी गई।

## इंदौर-बुधनी रेल लाइन के लिए अधिग्रहित को लेकर किसान हुए आंदोलित

→चार लोकसभा क्षेत्र के सांसदों को किसान सौंपेंगे ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर-बुधनी रेल लाइन और पश्चिम रिंग रोड के लिए अधिग्रहित की जाने वाली जमीन को लेकर किसान लगातार विरोध कर रहे है। जमीन अधिग्रहण के विरोध को लेकर इंदौर से बुधनी तक चार सांसदों और मुख्यमंत्री निवास तक ज्ञापन सौंपेंगे। 27 जनवरी को किसान सुबह से शाम तक अलग-अलग सांसदों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।**

किसान लगातार रेल लाइन और सडक के लिए अधिग्रहित की जाने वाली जमीन का किसानों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है।किसानों का कहना है कि पूरखों की जमीन कौडियों के भाव में नहीं देंगे। किसान नेता हंसराज मंडलोई ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए इंदौर बुधनी रेलवे लाइन इंदौर-बैतूल एक्सप्रेस वे के साथ आउटर रिंग रोड के प्रभावित किसानों ने अपने आंदोलन को कुछ दिनों के लिए स्थगित किया था।

**सीएम को भी देंगे ज्ञापन-** प्रशासन में बैठे हुए अधिकारियों व नेताओं ने भी 22 तारीख का हवाला देकर किसानों को इंतजार करने का कहा था। अन्नदाता भी इसी उम्मीद में थे की भगवान राम की मेहरबानी से किसानों के हित में जनहितैषी निर्णय हो सके। इंदौर बुधनी रेलवे लाइन के लिए किसान मांगे माने जाने पर ही देंगे। देवास जिले के किसान नेता अभिषेक पंचोली एवं रवि मीणा ने कहा कि जब देवास जिले में वन भूमि एवं शासकीय भूमि मौजूद है। इसके बाद भी उपजाऊ जमीन अधिग्रहित की जा रही है। 27 जनवरी को सुबह इंदौर जिले के सेमलिया चाऊ से प्रभावित किसान अनुविभागीय अधिकारियों, सांसदों और पांच विधानसभा क्षेत्र के जीते हुए विधायक के मंत्रियों से लेकर हारे हुए विधानसभा के प्रत्याशियों से लेकर भोपाल तक मुख्यमंत्री निवास पर डॉक्टर मोहन यादव को ज्ञापन देंगे।

## आज हजारों मोमबत्तियां लगेंगी इंडिया गेट पर

### शहर के आम नागरिकों से देश के जाबांज शहीदों की याद में एक-एक मोमबत्ती लगाने की अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को सायं 7.30 बजे से संस्था सेवा सुरभि द्वारा प्रवर्तित झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान के तहत देश के अनाम शहीदों के नाम शहर के नागरिक रीगल चौराहा स्थित इंडिया गेट एवं अमर जवान ज्योति की प्रतिकृति पर एक-एक मोमबत्ती लगाकर पूरे चौराहे को रोशन करेंगे और ऐसे तमाम सवालों का जवाब अपनी दीपांजलि के माध्यम से पेश करेंगे। शहर के अनेक धार्मिक, सामाजिक संगठनों ने निश्चय किया है कि वे गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर इंडिया गेट पहुंचकर अनाम शहीदों के स्मृति चिन्ह अमर जवान ज्योति पर दीपांजलि, पुष्पांजलि समर्पित कर राष्ट्र के प्रति अपना एक छोटा सा कर्तव्य जरूर पूरा करेंगे। इंदौर में रीगल चौराहे पर स्थापित इस प्रतिकृति तक पहुंचकर देश के लिए कुर्बान होने वाले हमारे जाबांज सैनिकों की स्मृति में एक-एक मोमबत्ती अवश्य लगाएंगे। संस्था सेवा सुरभि के संयोजक ओमप्रकाश नरेड़ा, सांसद शंकर लालवानी, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं कलेक्टर आशीषसिंह एवं पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि वे गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय त्योहार को भी उसी उत्साह और जोश के साथ मनाएं, जिस तरह होली, दीवाली एवं ईद के त्यौहार मनाते हैं। संस्था सेवा सुरभि ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आम नागरिकों के लिए निशुल्क मोमबत्ती की व्यवस्था भी की है, ताकि इंडिया गेट एवं अमर जवान ज्योति की प्रतिकृति पर आने वाले जागरुक नागरिक अपने जाबांज शहीदों को मोमबत्ती लगाकर दीपांजलि समर्पित कर सकें।

### कटाक्ष




## साग-सब्जी और फल-फूल की देवी मां शाकम्भरी का जयंती महोत्सव आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आम लोगों को साग-सब्जी, फल-फूल उपलब्ध कराने वाली मां शाकम्भरी देवी सकराय माताजी का जयंती महोत्सव इस बार गुरुवार, 25 जनवरी को बायपास स्थित सम्पत पैलेस, वैष्णो धाम मंदिर के पास मनाया जाएगा। महोत्सव का यह 24वां वर्ष होगा। महोत्सव की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस दौरान प्रसिद्ध परंपरागत तांडव आरती भी होगी। महोत्सव में सुबह से रात तक विभिन्न आयोजन होंगे।**

महोत्सव का प्रथम निमंत्रण खजराना गणेश को समर्पित किया गया। इस अवसर पर शाकम्भरी परिवार की ओर से गोपाल अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल, जयेश ऐरन, गोपाल बंसल, मुकेश अग्रवाल, चंदू गोयल, नारायण खंडेलवाल, रमेश एरन, हरि अग्रवाल, योगेन्द्र अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, लक्ष्मणप्रकाश कानूनगो, उमेश भूत, नरेश त्रिवेदी, शिमला अग्रवाल, सरोज ऐरन, सरिता खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को सुबह 9 बजे स्थापना पूजन के साथ होगा। 9.30 बजे मंडल पूजन, 10.30 बजे दुर्गा सप्तशती पाठ एवं 2.30 बजे से श्रीमती ममता गर्ग के सानिध्य में मां शाकम्भरी का मंगल पाठ होगा। सायं 6.15 बजे परंपरागत तांडव आरती एवं महाआरती तथा महाज्योत के दर्शन भी होंगे। सायं 6.30 बजे से कन्या पूजन के बाद 7 बजे से द्वारका मंत्री की भजन संध्या होगी। महोत्सव की दिव्यता को देखते हुए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है।

## बीआरटीएस पर तलाशेगी खामियां, सर्वे की तैयारी शुरू

**इंदौर।** भोपाल में बीआरटीएस हटाने का निर्णय लेने के बाद इंदौर में भी बदलाव की मांग उठ रही थी। हाल ही में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सर्वे कराने के निर्देश दिए थे। इसी आधार पर इंदौर के बीआरटीएस पर संशोधन कर जहां मार्ग अधिक चौड़ा है उसे कम किया जाएगा। बीआरटीएस लेन की अधिक चौड़ाई का सर्वे कराने के लिए नगर निगम एजेंसी की तलाश कर रहा है। एजेंसी से सर्वे के बाद संभावित बदलाव किए जा सकेंगे। मालूम हो कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में बीआरटीएस की समीक्षा हुई थी। दरअसल, बीआरटीएस की बस लेन की चौड़ाई कई जगह बहुत ज्यादा है। इसे यातायात अनुसार किया जाएगा। इसको लेकर सर्वे और परिवर्तन के संबंध में मंत्री के आदेश के बाद अब निगम एजेंसी तय करने जा रहा है। एजेंसी में एक्सपर्ट शामिल होंगे। वे इंदौर में मौजूद बड़े और छोटे वाहनों की तुलना के आधार पर सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करेंगे।

# पुलिस ने जांची एमवायएच की सुरक्षा व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। त्योहारों व आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है। इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में बुधवार को पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा एमवाय हॉस्पिटल में आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु किस प्रकार बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया जाए इस संबंध में मॉक ड्रिल की गई। इस ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा अनिल कुमार मंडराह एवं बीडीडीएस प्रभारी निरीक्षक खालिद





मुश्ताक के निर्देशन में पुलिस एवं बीडीडीएस टीम द्वारा हॉस्पीटल के सुरक्षा स्टाफ को किसी भी आपातकालीन परिस्थितियों/लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने पर, किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए आदि का जीवंत अभ्यास कराया गया। साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा हॉस्पिटल की सुरक्षा के संबंध में वहां के स्टाफ से बात की तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# पेंटर ने फांसी लगाकर दी जान

## कनाडिया इलाके के निर्माणाधीन बंगले में हुई घटना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना निवासी पेंटिंग का काम करने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है। वह दिनभर साथियों के साथ काम करता रहा शाम को ऊपर के फ्लोर से घूमकर आने का बोल कर गया लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी देर होने के बाद साथियों ने खोजबीन शुरू कर दी। ऊपर के कमरे में पहुंचकर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका मिला।

कनाडिया पुलिस के मुताबिक घटना संचार नगर के पास वैभवश्री नगर की है। आशीष (22) पिता रमेश सुरवाड़े यहां एक निर्माणाधीन बंगले में पेंटिंग का काम करता था। वह शाम को अपने साथी से कहा कि ऊपर की फ्लोर से घूमकर आ रहा है। लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी देर होने के बाद जब आशीष का साथी कमरे में जाकर देखा तो वह तार से फंदा बनाकर लटका हुआ था। उसे तुंरत एमवाय अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आशीष के साथ काम करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि वह काफी दिनों से काम पर नहीं आया था। बुधवार को काम पर आया। दिनभर सबसे अच्छे से बातचीत और काम किया। लेकिन शाम को जब सब घर जाने के लिए हाथ पैर धोने लगे तो वह ऊपर के फ्लोर में जाने की बात कही थी।

आशीष के पिता की कुछ साल पहले हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है। अब परिवार में उसकी मां और भाई है। परिवार के लोगों ने बताया कि आशीष कुछ दिन पहले घूमने गया था। तभी से उसकी तबीयत कुछ खराब थी। कुछ समय वह ठीक रहता लेकिन काम करते-करते वह अचानक से परेशान होने लगता। उपचार के लिए जावरा ले जाने वाले थे।




























# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अपनाया सनातन

## जबलपुर की रजिया बी बनीं नंदिनी; बोलीं- इस्लाम में तलाक, हलाला, बुर्का प्रथा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर की रजिया बी अब नंदिनी के नाम से जानी जाएंगी। अयोध्या में रामलला की प्राण - प्रतिष्ठा के दूसरे दिन उन्होंने इस्लाम छोड़ते हुए सनातन धर्म अपनाया। शहर के शिव शंकर मंदिर में हिंदू धर्म सेना ने उन्हें सनातन धर्म अपनाने में मदद की।

नंदिनी का कहना है कि जल्द वे अखबार में विज्ञापन निकलवाकर यह बता देंगी कि अब उनको नंदिनी नाम से पुकारा जाए। उन्होंने कहा कि अब वे अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीएंगी। इस्लाम में कुछ नहीं है, तलाक है, हलाला है और बुर्का प्रथा है। नंदिनी ने कहा कि उनके धर्म बदलने में पति शेरा शाहनवाज को ऐतराज नहीं है। पति और दो बच्चे (14 साल का बेटा, 12 साल की बेटी) भी जल्द सनातन धर्म अपनाएंगे।

**बचपन से सनातन में दिलचस्पी-** नंदिनी बनीं रजिया कई महीने से हिंदू धर्म सेना के संपर्क में थीं। उन्होंने बताया कि बचपन से ही उन्हें सनातन धर्म में दिलचस्पी थी। वे भजन सुना करती थीं। मां - बाप से प्यार नहीं मिला, शादी हुई तो ससुराल में कोई साथ नहीं देता। इस्लाम में बुर्के के बिना आप बाहर नहीं निकल सकते। ऐसा करने पर समाज के लोग गालियां देते हैं। जबकि, सनातन में बेटियों को पूजा जाता है, इसलिए मुझे सनातन सबसे अच्छा लगा।

**घर में नमाज भी होगी, पूजा भी-** नंदिनी का कहना है कि पति शेरा शाहनवाज उन्हें बहुत चाहते हैं। पति के सामने अपनी इच्छा जाहिर की तो उन्होंने उनके फैसले को कबूल कर लिया। पति ने ही उन्हें पूजा की सामग्री लाकर दी। मेरे घर में मैं पूजा करूंगी, पति नमाज अदा करेंगे। पति एंब्रॉयडरी वर्क का काम करते हैं।

**पूरा परिवार घर वापसी करेगा-** हिंदू धर्म सेना के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि नंदिनी ने हम लोगों से संपर्क किया था। शुद्धिकरण, हनुमान चालीसा पढ़कर घर वापसी कराई। इनका पूरा परिवार घर वापसी करेगा।

# प्रदेश में गिद्धों के लिए बनेगा रेस्टोरेंट

## जांच के बाद परोसेंगे मवेशियों का मांस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट होने के साथ-साथ गिद्ध स्टेट भी है। 2021 में हुई जनगणना के मुताबिक एमपी में 10 हजार से ज्यादा गिद्ध हैं। इनकी संख्या को बढ़ाने के लिए वन विभाग जल्द ही गिद्ध रेस्टोरेंट खोलने जा रहा है। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व यानी नौरादेही अभयारण्य में इस रेस्टोरेंट की शुरूआत होने वाली है।**



इस रेस्टोरेंट में गिद्धों को ताजा मांस परोसा जाएगा। इस मांस से गिद्धों को कोई नुकसान ना पहुंचे इसके लिए पहले इसे लैब में टेस्ट किया जाएगा। वन विभाग ने रेस्टोरेंट के लिए जमीन की तलाश कर ली है और इसी साल अप्रैल में इसकी शुरूआत की जाएगी। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक एक्शन प्लान-2030 के तहत इस इलाके को गिद्धों के लिए सेफ जोन के लिए चुना गया है।

नरसिंहपुर और डोंगरगांव रेंज के दो स्थानों पर बनेंगे रेस्टोरेंट

दुर्गावती टाइगर रिजर्व मप्र के तीनों जिले सागर, दमोह और नरसिंहपुर में फैला है। क्षेत्रफल के हिसाब से ये देश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। 2023 में इसे मप्र का 7वां टाइगर रिजर्व घोषित किया गया, क्योंकि यहां बाघों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। बाघों की संख्या बढ़ने के साथ ही गिद्धों को भी यहां की आबोहवा रास आ रही है। 2021 में यहां गिद्धों की संख्या करीब 300 थी।

गिद्ध रेस्टोरेंट के लिए वन विभाग ने टाइगर रिजर्व की नरसिंहपुर और डोंगरगांव रेंज में दो जगहों को चुना है। यहां करीब दो हेक्टेयर क्षेत्र में तारों की बाड़ लगाकर उसे सेफ किया जाएगा, ताकि यहां मांस की गंध आने पर दूसरे जानवर नहीं आ सकें। इसके लिए आसपास की गोशाला से एग्रीमेंट किया जा रहा है। आसपास के क्षेत्र में कई गांव भी हैं।

वन अधिकारियों का कहना है कि अभी मवेशियों की मौत होती है तो उन्हें जमीन में दफन कर दिया जाता है। इन मृत मवेशियों को रिजर्व में रखा जाएगा। इनके मांस की लैब में जांच होगी कि कहीं उनके शरीर में जहरीला पदार्थ तो नहीं है। जब मांस पूरा सेफ होगा तो मवेशियों की बॉडी को वल्चर रेस्टोरेंट में डाल दिया जाएगा।

### मप्र के 9 जिलों में गिद्धों की संख्या सबसे ज्यादा

मध्यप्रदेश में कुल सात प्रजातियों के गिद्ध पाए जाते हैं। इनमें से चार स्थानीय और तीन प्रजाति प्रवासी हैं, जो शीतकाल समाप्त होते ही वापस चली जाती हैं। गिद्धों की गणना भी इसलिए सर्दी के मौसम में की जाती है। प्रदेश में सबसे अधिक पन्ना, मंदसौर, नीमच, सतना, छतरपुर, रायसेन, भोपाल, श्योपुर और विदिशा में गिद्ध पाए गए हैं।

मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में 2020-21 गणना के तहत प्रदेश भर में सबसे ज्यादा 722 गिद्ध पाए गए। पन्ना टाइगर रिजर्व के अलावा उत्तर वन मंडल में 438 और दक्षिण वन मंडल में 614 गिद्धों की गणना की गई। कूनो नेशनल पार्क में 381 और वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 300 गिद्ध पाए गए थे।

# प्लॉट के नाम पर एक करोड़ की धोखाधड़ी

## 15 लोगों को प्लॉट का झांसा देकर ठगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सस्ते प्लॉट दिलाने का झांसा देकर ठगों ने 15 लोगों से एक करोड़ से ज्यादा रुपए की धोखाधड़ी की है। घटना पड़ाव थाना स्थित चार चतुर एसोसिएट से जुड़ी है। आरोपियों ने प्लॉट दिखाकर रुपए ले लिए, जब रजिस्ट्री का समय आया तो मुकर गए।

ठगी के शिकार थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस कंपनी पर इससे पहले भी आधा सैकड़ा लोगों को ठगने का मामला दर्ज है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

ग्वालियर के फालका बाजार निवासी शरद साहू पुत्र महेश नारायण साहू ने शिकायत की है कि उन्होंने दो साल पहले चार चतुर एसोसिएट के संचालक नारायण दास राठौर, अशोक कुमार, अजय जादौन, और गणेश ओझा से प्लॉट का अनुबंध किया था। उनके साथ ही प्रदीप गुप्ता, जितेन्द्र श्रीवास्तव, दुर्ग सिंह, रोशनी देवी, राधा कृष्णा, सरिता देवी, संतोष शर्मा, प्रदीप कुशवाहा, ब्रह्मजीत शर्मा, भूरे सिंह, विनय कुमार, सिया, प्रवीण चतुर्वेदी और धीरेंद्र चतुर्वेदी ने भी अनुबंध किया था। इसके बाद वह इंतजार करते रहे, लेकिन उनके नाम प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं की गई। उन्होंने बताया कि प्रदीप गुप्ता से 25 लाख 37 हजार रुपए, राधा कृष्ण से 11 लाख 30 हजार, जितेंद्र श्रीवास्तव से 5 लाख 50 हजार रुपए, ब्रह्मजीत शर्मा से 9 लाख रुपए, सिया पत्नी महेश से 8 लाख 70 हजार रुपए, संतोष शर्मा पुत्र तेज सिंह से 8 लाख रुपए, प्रवीण चतुर्वेदी से 4 लाख 80 हजार रुपए, दुर्ग सिंह से 6 लाख रुपए, रोशनी तोमर से 4 लाख 70 हजार रुपए, सरिता देवी से 1 लाख 78 हजार रुपए, प्रदीप कुशवाहा से 3 लाख 50 हजार रुपए, भूरे सिंह से 3 लाख 50 हजार रुपए, विनय कुमार से 3 लाख 50 हजार रुपए, ब्रह्मजीत से 3 लाख 50 हजार रुपए, धीरेंद्र चतुर्वेदी से 4 लाख 40 हजार रुपए लिए थे।

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद भाटिया
इंदौर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
बाहेती ब्रदर्स
इंदौर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अवधेश शुक्ला
इंदौर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
पंडित मोहन जी
खजराना इंदौर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रकाश जांगरे
भोपाल

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अश्विन उपाध्याय
खलघाट

New Delhi

# 40 लाख कैश, 2 किलो सोना, 60 महंगी घड़ियां... तेलंगाना में अफसर के घर छापे में 100 करोड़ की संपत्ति मिली

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक सरकारी अधिकारी से लगभग 100 करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की है. एसीबी के अधिकारियों ने बुधवार को तेलंगाना राज्य रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (टीएसआरईआरए) के सचिव और मेट्रो रेल में योजना अधिकारी एस. बालकृष्ण के परिसरों पर एक साथ छापेमारी की. उन्होंने पहले हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एचएमडीए) में टाउन प्लानिंग के निदेशक के रूप में काम किया था.



भ्रष्टाचार निरोधक संस्था की 14 टीमों की तलाशी दिनभर जारी रही और गुरुवार को फिर से शुरू होने की संभावना है. बालकृष्ण के घर, कार्यालयों, उनके रिश्तेदारों के परिसरों पर एक साथ छापेमारी की गई, जिसमें 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति बरामद हुई.

**बैंक लॉकर अभी तक नहीं खोले गए हैं-** अब तक करीब 40 लाख रुपये नकद, 2 किलो सोना, चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज, 60 महंगी कलाई घड़ियां, 14 मोबाइल फोन और 10 लैपटॉप जब्त किए गए हैं. अधिकारी के बैंक लॉकर अभी तक नहीं खोले गए हैं. एसीबी ने कम से कम चार बैंकों में लॉकरों की पहचान की है.

एसीबी अधिकारियों को कथित तौर पर अधिकारी के आवास पर नकदी गिनने वाली मशीनें मिली हैं. एचएमडीए में सेवा करने के बाद से उन्होंने कथित तौर पर संपत्ति अर्जित की थी.

New Delhi

## एक और राज्य में लागू की गई पुरानी पेंशन व्यवस्था, हजारों कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली, (एजेंसी) कांग्रेस शासित एक और राज्य ने अपने सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू कर दिया है। जी हां, कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने 2006 के बाद भर्ती हुए लगभग 13,000 राज्य सरकार के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के तहत कवर करने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि जब सरकारी कर्मचारी नई पेंशन योजना के खिलाफ हड़ताल पर थे तो उन्होंने उनसे इस मांग को पूरा करने का वादा किया था।**

उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, '2006 के बाद भर्ती हुए राज्य सरकार के लगभग 13,000 सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने का आदेश जारी किया गया है। चुनाव से पहले भी जब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के खिलाफ कर्मचारी हड़ताल पर थे, तो मैंने वहां का दौरा किया था और इसे पूरा करने का वादा किया था।'

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इस फैसले से 13,000 एनपीएस कर्मचारियों के सभी परिवारों को राहत मिली होगी।'

पुरानी पेंशन योजना के तहत सरकारी कर्मचारी रिटायरमेंट के बाद मासिक पेंशन का हकदार होता है। मासिक पेंशन आम तौर पर व्यक्ति के अंतिम आहरित वेतन का आधा होता है। नई पेंशन योजना के तहत कर्मचारी अपने वेतन का एक हिस्सा पेंशन फंड में योगदान करते हैं। इसके आधार पर, वे रिटायरमेंट पर एकमुश्त राशि के हकदार हैं। पुरानी पेंशन योजना दिसंबर 2003 में बंद कर दी गई और नई पेंशन योजना 1 अप्रैल 2004 को लागू हुई।

New Delhi

## 'कवच' के ब्रेकिंग सिस्टम का सफल परीक्षण, 160 की रफ्तार पर रेड सिग्नल पर अपने आप रुका इंजन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा डिविजन ने बताया है कि स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' के ब्रेकिंग सिस्टम का परीक्षण किया गया, जो सफल रहा। यह परीक्षण सेमी हाई स्पीड ट्रेन पर किया गया, जिसमें 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रहा इंजन रेड सिग्नल पर अपने आप ब्रेक लगाकर रुक गया। कवच सिस्टम को रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (RDSO) ने विकसित किया है। आपातकालीन स्थिति में अगर ड्राइवर समय पर ब्रेक नहीं लगा पाता है तो कवच सिस्टम स्वचालित तरीके से खुद ट्रेन को ब्रेक लगाकर रोक सकता है। भारतीय रेलवे ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अपने पूरे रेल नेटवर्क पर इस कवच सिस्टम को लागू करने की तैयारी कर रहा है। आगरा रेल डिविजन की पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे के डिप्टी चीफ सिग्नल एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर कुश गुप्ता की देखरेख में यह परीक्षण किया गया। इस परीक्षण के तहत कवच सिस्टम से लैस एक सेमी हाई स्पीड इंजन WAP-5 को पलवल-मथुरा सेक्शन पर 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ाया गया।

Maharashtra

## अब इस मुस्लिम बहुल इलाके में चला शिंदे का बुलडोजर, 40 दुकानें तोड़ीं

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र में सांप्रदायिक झड़प के बाद सरकार का 'अवैध इमारतों' पर बुलडोजर एक्शन चल रहा है। ठाणे जिले के बाद मुंबई में भी नगर निगम ने मुस्लिम बहुल इलाकों में 'अवैध' इमारतें तोड़ दीं। मंगलवार को मीरा भयंदर नगर निगम (एमबीएमसी) ने ठाणे जिले के नया नगर में सड़क किनारे बनीं 'अवैध' दुकानें तोड़ दी थीं। एमबीएमसी ने उसी इलाके में तोड़फोड़ की, जहां रविवार रात दो समुदायों के बीच झड़प हुई थी। अब ऐसी ही कार्रवाई मुंबई में देखने को मिली है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने बुधवार को मुंबई के मोहम्मद अली रोड पर लगभग 40 दुकानों से अतिक्रमण हटा दिया। ध्वस्त की गईं लगभग सभी दुकानें थीं इब्राहिम मोहम्मद मर्चेंट रोड पर स्थित दुकानें थीं और कई फेरीवालों के स्टॉल भी शामिल थे। बुधवार के बुलडोजर एक्शन से प्रभावित कुछ प्रमुख व्यावसायिक दुकानों में नूरानी मिल्क सेंटर और सुलेमान उस्मान मिठाईवाला शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ये दुकानें 1930 के दशक से हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बीएमसी ने मोहम्मद अली रोड पर ही अतिक्रमण-रोधी अभियान चलाया। किसी अन्य वार्ड में नगर निकाय द्वारा ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की गई। मुंबई में कुल 24 प्रशासनिक वार्ड कार्यालय हैं। कुछ वार्ड कार्यालयों ने कहा कि वे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की 'गहन सफाई' पहल पर काम कर रहे हैं। इस पहले के तहत ज्यादातर अवैध विक्रेताओं को हटाया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीएमसी के अतिक्रमण हटाओ विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि सीएम ने 'गहन सफाई' अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

खेल

# बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त झीझेन-मैचेक को दी शिकस्त

**मेलबर्न, (एजेंसी)** रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई है। गुरुवार को मेलबर्न के रोड लेवर एरेना में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में इस जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त झैंग झीझेन और थॉमस मैचेक की जोड़ी को 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हरा दिया। बोपन्ना पहली बार इस ग्रैंडस्लैम के किसी भी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे हैं। वहीं, एबडेन के साथ वह लगातार दूसरे ग्रैंडस्लैम के पुरुष युगल के फाइनल में पहुंचे हैं।




फाइनल में बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी का सामना जर्मनी के डोमिनिक कोएफर और यानिक हानमैन और इटली के आंद्रे वावासोरी और साइमन बोलेली की जोड़ी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोल्तेनी को एक घंटे 46 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में 6-4, 7-6 से हराया था।

सेमीफाइनल में पहला सेट 32 मिनट में 6-3 से आसानी से जीतने के बाद दूसरे सेट में 3-6 से हार गए थे। इसके बाद तीसरा सेट 6-6 से बराबर रहने पर मैच टाइब्रेकर में गया, जिसे बोपन्ना-एबडेन ने 10-7 से और सेट 7-6 से जीत लिया। इसी के साथ मैच भी अपने नाम कर लिया।

सिनेमा

## 'गदर' के बाद 'लाहौर 1947' में दिखेंगे सनी देओल, हीरोइन होगी ये डिम्पिल गर्ल



फिल्म 'गदर 2' के ब्लॉकबस्टर होने के बाद ऐसा लगा कि सनी देओल ने जबरदस्त रूप से कमबैक किया है. इनका दबदबा ऑडियन्स के बीच अभी भी बना हुआ है. कुछ दिनों पहले तक तो सनी फिल्म 'सफर' की शूटिंग करते दिख रहे थे. अब खबरें आ रही हैं कि एक्टर जल्द ही अपनी दूसरी फिल्म 'लाहौर 1947' की शूटिंग में व्यस्त हो जाएंगे. यह फिल्म अभी पाइपलाइन में है, लेकिन इसपर जल्द ही काम शुरू होगा, ऐसा यकीन दिलाया जा रहा है. इस फिल्म को आमिर खान प्रोडक्शन्स तहत बनाया जाने वाला है. यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें सनी देओल के अलावा राजकुमार संतोषी और आमिर खान भी टीमएप कर रहे हैं. बुधवार, 24 जनवरी के दिन, प्रीति जिंटा को मुंबई के एक स्टूडियो से बाहर आते हुए स्पॉट किया गया. रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस 'लाहौर 1947' के लुक टेस्ट के लिए स्टूडियो पहुंची थीं. इंडिया टुडे को मिली जानकारी के मुताबिक, इस फिल्म से प्रीति, सनी देओल संग कई सालों बाद स्क्रीन पर वापसी करने जा रही हैं. बता दें कि सनी और प्रीति ने साथ में 'हीरोः लव स्टोरी ऑफ अ स्पाई', 'फर्ज' और 'भैयाजी सुपरहिट' जैसी फिल्मों में साथ काम किया है. हाल ही में जब सनी देओल, करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण सीज 8' में पहुंचे थे तो उनसे कोलैबोरेशन को लेकर सवाल किया गया था.

# संपादकीय

## ऐसा शायद पहले कभी नहीं

राहुल गांधी असम सरकार की अड़चनों का भरपूर राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं, मगर उनसे भी लोकतांत्रिक मर्यादाएं समझने की अपेक्षा की जाती है। विपक्षी दल का नेता होने के नाते उन्हें सत्ता पक्ष की कमियां गिनाने का हक तो है, मगर सीमा में रहते हुए ही उन्हें बातें बोलनी चाहिए। जैसा कि हिमंत बिस्व सरमा का आरोप है, उनके बयानों से लोगों में उत्तेजना पैदा हो रही है, राहुल गांधी से भाषा और तथ्यों का ध्यान रखने की स्वाभाविक अपेक्षा की जाती है। राजनीतिक यात्राएं पहले भी राजनेता करते रहे हैं, मगर जिस तरह का टकराव भारत जोड़ो न्याय यात्रा और असम सरकार के बीच देखने को मिल रहा है, वैसा शायद कभी नहीं हुआ। हालांकि इसके कयास पहले से लगाए जा रहे थे, क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के बीच पहले से तल्ख रिश्ते रहे हैं। यात्रा के असम में प्रवेश करते ही राहुल गांधी ने असम सरकार पर तीखा प्रहार कर दिया। उसे देश की सबसे भ्रष्ट सरकार कह दिया। उनकी प्रतिक्रिया में हिमंत बिस्व सरमा ने पूरे गांधी परिवार को ही भ्रष्ट करार दे दिया। ऐसी बयानबाजियां दलगत राजनीति में कोई नई बात नहीं हैं। पक्ष और प्रतिपक्ष एक-दूसरे पर, खासकर चुनाव नजदीक आने पर, ऐसे जुबानी हमले करते ही हैं। मगर जैसा कि कांग्रेस का आरोप है, राहुल गांधी की यात्रा में शामिल वाहनों पर पथराव किया गया, उसे शायद ही कोई उचित माने। फिर मुख्यमंत्री खुद इस यात्रा को अनुशासित करने के नाम पर मैदान में उतर आए। उन्होंने कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और लोगों को उकसाने के आरोप में यात्रा में शामिल कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया। उधर असम प्रशासन ने राहुल गांधी को श्रीमंत शंकरदेव के मंदिर जाने से रोक दिया। गुवाहाटी शहर में भी यात्रा को प्रवेश की इजाजत नहीं दी गई। यह ठीक है कि कानून-व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है और अगर उसे लगता है कि किसी यात्रा या राजनीतिक गतिविधि से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो सकता, सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता या फिर यात्रियों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है, तो वह उसे रोक सकती है। मगर सवाल यह भी है कि ऐसी यात्राओं के रास्ते अचानक तय नहीं होते, पहले ही प्रशासन से इसकी इजाजत ले ली जाती है, फिर असम सरकार को वहां यात्रा पहुंचने के बाद ऐसे खतरे क्यों समझ आए? इससे यही संदेश गया है कि असम सरकार को यह यात्रा राजनीतिक रूप से रास नहीं आ रही है। राजनीतिक नफे-नुकसान का आकलन हर राजनीतिक दल करता है, इसमें कोई बुराई नहीं। मगर एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारों से प्रतिरोधी आवाजों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। जब एक बार न्याय यात्रा का रास्ता तय हो गया था, तो उसे चलने दिया जाता, तब शायद ऐसे विवाद की नौबत न आती। असम के मुख्यमंत्री ने यात्रा के मार्ग में अवरोध खड़े करने की कोशिश करके बेवजह अपने खिलाफ नाराजगी को न्योता दे दिया।

**अर्ज किया है..!**

*मैं फिर से निकलूंगा ,*
*तलाश -ए-जिन्दगी में !*
*दुआ करना दोस्तो ,*
*इस बार किसी से इश्क ना हो !!*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**याद रखना साहेब, जब तक आप काम के है लोग आपको पहचानेंगे, क्योंकि... याद रहे लोग दिया जलाने के बाद माचिस की तीली फेंक देते हैं...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेंद्र शर्मा
इंदौर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हिमालय मेडिकल
इंदौर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेशकुमार सिंह
पुणे

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजदीप सिंह
इंदौर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रायक भरत
खरगोन

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Pankaj Verma
Indore

# Opening bell: Sensex drops 228 points to 70,833, Nifty at 21,400



**NEW DEIHI, (Agency).** Benchmark equity indices declined in early trade on Thursday dragged by IT stocks and continuous foreign fund outflows.

The 30-share BSE Sensex declined 227.72 points to 70,832.59. The Nifty dipped 55.7 points to 21,398.25.

Among the Sensex firms, Tech Mahindra fell nearly 4 per cent after the company on Wednesday reported a 60 per cent decline in net profit to ₹510.4 crore in the December quarter.

HCL Technologies, Infosys, Wipro, Axis Bank, Tata Consultancy Services, HDFC Bank, ICICI Bank, and Kotak Mahindra Bank were among the other major laggards.

IndusInd Bank, NTPC, Hindustan Unilever, and the State Bank of India were among the gainers.

In Asian markets, Shanghai and Hong Kong were quoting in the positive territory while Seoul and Tokyo traded lower.

The US markets ended on a mixed note on Wednesday.



















# फिर दिखा तेंदुआ, दहशत में रहवासी

## बीते दस दिनों से वन विभाग के हाथ नहीं आ रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सुपर कारिडोर क्षेत्र में घूम रहा तेंदुआ बीते दस दिन से वनकर्मियों को छकाने में लगा है। तीन दिन के भीतर दूसरा वीडियो गुरुवार सुबह सामने आया है, जो नेनोद गांव के पास एकदंत सोसायटी का बताया गया है। यहां तेंदुआ देखा गया है।**



लोगों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है। वन अफसरों को मिलते ही तत्काल वनकर्मियों को तेंदुए को ढूंढने में लगा दिया है। वहीं क्षेत्र में रहने वाल लोग काफी दहशत में है। हालांकि वन विभाग ने पुलिस की मदद ली।

पिछले मंगलवार से तेंदुए को खोजने के लिए वन विभाग का अमला जुटा हुआ है। इंफोसिस के बाद बुधवार को नेनोद गांव में आने वाले समर्थ कालोनी में पिंजरे लगाए है। बावजूद इसके तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। गुरुवार सुबह आठ बजे तेंदुआ का मूवमेंट फिर देखा गया। इस बार समर्थ कालोनी से दो किमी दूर एकदंत सोसायटी में उसे देखा है।

वीडियो आते ही विभाग ने तुरंत पुलिस को सूचना देते हुए इलाकें की घेराबंदी कर दी। ताकि तेंदुए के आसपास कोई नहीं जा सके। इस काम में पुलिस की मदद ली गई। डीएफओ महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि तेंदुए को ढूंढने के लिए ड्रोन की मदद लेंगे। मगर क्षेत्र नो फ्लाइंग जोन होने के वजह से वरिष्ठ अधिकारियों से इसके बारे में अनुमति दे रहे है। उसके आधार पर तेंदुए को बेहोश किया जाएगा। वे बताते है कि 25 लोगों की टीम सर्चिंग में लगी है।

## उठावना



मेरी धर्मपत्नी, श्रीमती माधुरी गुप्ता एवं कविता चित्तौड़ा की माताजी, मनीष जी गुप्ता, मनोज जी चित्तौड़ा की सासू मां, स्व. केशव लाल गुप्ता की पुत्रवधू, मधुसुदन, स्व. गोपाल दास, स्व. विजय गुप्ता, ओमप्रकाश एवं प्रमोद गुप्ता की बहू, रविंद्र, राकेश, स्व. राजेश, पवन एवं सुमित गुप्ता की काकीजी, ऋषिका, रिया, युवराज, एवं परी की नानी मां, भावेश, आर्यन, हेमन एवं मोहक गुप्ता की छोटी दादीजी **श्रीमती शोभा गुप्ता** का स्वर्गवास दिनांक 22 जनवरी 2024, सोमवार को हो गया है, जिनका उठावना दिनांक 25 जनवरी 2024 गुरुवार को दोपहर 03:30 बजे गीता भवन मंदिर, इंदौर पर रखा गया है।

शोकाकुल - निर्मल कुमार गुप्ता एवं समस्त गुप्ता परिवार
मो. 93285-40737




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक